an>

Title: Need to withdraw C-SAT examination.

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : मैं व्यक्तिगत तौर पर आपसे क्षमा मांगता हूं। आप मेरे लिए मां की तरह हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आग्रह करुंगा कि मुझे देश की जनता के हित में बात रखने के लिए थोड़ा मर्यादा लांघनी पड़ती है जिसके लिए मैं क्षमा चाहता हूं। अध्यक्ष महोदय, पूत्येक दिन एक ही सवाल को उठाना मुझे भी अच्छा नहीं लगता है। मैं आपसे आग्रह करना चाहूंगा कि मैं भी पांच बार सांसद और एक बार एमएलए रहा हूं और निर्दलीय चार बार रहा हूं, मैं किसी कृपा पर नहीं जीतता हूं, निर्दलीय सांसद रहा हूं। इसलिए किसी के सर्टिफिकेट की आवश्यकता नहीं है, मैं आपका सम्मान करता हूं।

माननीय अध्यक्ष : कोई सर्टिफिकेट नहीं दे रहा है। आप अपनी बात रखिये।

श्री राजेश रंजन : अध्यक्षा जी, मैंने अखबार दिखाया कि कल दिल्ली की आम पब्लिक किस तरह से परेशान हुई है, सब्जी नहीं ले सकी, लाठियां चली। आप दैनिक जागरण समाचार पतू में पढ़ लीजिए, 38 विद्यार्थी गायब हैं और यूपीएससी की रिपोर्ट भी सरकार के पास आ गयी है। सरकार ने कहा था कि जब रिपोर्ट आ जाएगी, तब हम स्टेटमेंट देंगे। क्या रिपोर्ट आई, गृह मंतूी जी आये थे, मैं स्टेटमेंट देने के लिए ही उनसे कह रहा था। दूसरा, मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करुंगा कि छातूों के साथ-साथ नौजवानों के ऊपर आप जिस तरह से गोलियां और लाठी चला रहे हो, वह आप बंद करें और सीसैट को वापस करके, उसका निराकरण निकालकर, देश के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न करें। यही मेरा आग्रह है।

माननीय अध्यक्ष :

श्री धर्मेंदू यादव व

श्रीमती रंजीत रंजन को श्री राजेश रंजन के विषय के साथ संबद्ध किया जाता है।

...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.00 p.m.

13.03 hrs

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till

Fourteen of the Clock.

14.03 hrs.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Three Minutes

past Fourteen of the Clock

(Dr. M. Thambidurai *in the Chair*)

...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Dr. Venugopal, what do you want?

...(*Interruptions*)